# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

**खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**
**बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,**
**फतेहगढ़ फर्रूखाबाद–209601**
Email ID- eeupjnrfarrukhabad@gmail.com


पत्रांक 4610 / कार्य-09 / 137 / दिनांक 21-7-2026

**सेवा मे,**

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः–ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "कमालगंज के खुदागंज में आधे गांव को नही मिल रहा पेयजल, गहराया संकट" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर**"कमालगंज के खुदागंज में आधे गांव को नही मिल रहा पेयजल, गहराया संकट"** के संबंध में अवगत कराना है कि ग्राम खुदागंज विकास खण्ड कमालगंज में वर्तमान में उच्चजलाशय, पम्प हाउस, बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। योजना में प्रस्तावित 7686 मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 2389 मी0 वितरण प्रणाली बिछाई जा चुकी है एवं प्रस्तावित 931 नग गृहसंयोजनों के सापेक्ष 650 नग गृहसंयोजनो का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में सड़क निर्माण करने हेतु पी0डबलू0डी0 विभाग द्वारा वितरण प्रणाली की मेन लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिस कारण से ग्राम पेयजल आपूर्ति बाधित है जिसे मरम्मत करने एवं पेयजल आपूर्ति पुनः सुचारू करने हेतु फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित कर दिया गया है।

**आख्या सादर प्रेषित।**
**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय,**

**(मो0 कासिम हाशमी)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि–**
**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
3. संबंधित सहायक अभियन्ता/जू0इंजी0 (खण्डान्तर्गत)।

**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned with OKEN Scanner

# जल जीवन मिशन आधा अधूरा काम: कमालगंज के खुदागंज मे आधे गांव को नहीं मिल रहा पेयजल, गहराया संकट

आयुष | खुदागंज(सदर), फर्रुखाबाद
2 दिन पहले



जल जीवन मिशन आधा अधूरा काम।

फर्रुखाबाद के कमालगंज विकास खंड के खुदागंज गांव में जल जीवन मिशन योजना का कार्य अधूरा रहने से ग्रामीणों को गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार काम बीच में ही छोड़कर चला गया है, जिसके कारण आधे गांव में पानी की आपूर्ति ठप है।

योजना के तहत घरों में नल कनेक्शन देने और पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू किया गया था। हालांकि, गांव के कई हिस्सों में पाइपलाइन का काम अधूरा पड़ा है।

कुछ स्थानों पर पाइपलाइन बिछाई तो गई है, लेकिन उसे मुख्य लाइन से जोड़ा नहीं गया है। इसी वजह से गांव के एक हिस्से में पानी पहुंच रहा है, जबकि दूसरे हिस्से के नलों से पानी नहीं आ रहा है।

**संबंधित अधिकारियों से की शिकायत**

ग्रामीणों ने इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों और ग्राम प्रधान शशिलता से शिकायत की है। प्रदीप कुमार, सुमित ठाकुर, रामनरेश शर्मा, लालाराम कश्यप और विनोद शर्मा जैसे ग्रामीणों का कहना है कि अभी तक इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है।

उनका आरोप है कि सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ अधूरे काम के कारण सभी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।

**संबंधित विभाग की जिम्मेदारी** ग्राम प्रधान शशिलता ने इस मामले पर जानकारी देते हुए बताया कि जल जीवन मिशन का कार्य संबंधित विभाग और कार्यदायी संस्था द्वारा कराया गया है। उन्होंने अधिकारियों को गांव में काम अधूरा होने की सूचना दी है। प्रधान ने कहा कि विभागीय अधिकारियों से बातचीत कर अधूरे कार्य को जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि गांव के सभी घरों तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

**उच्चाधिकारियों से मामले की जांच** जल जीवन मिशन से जुड़े एक अधिकारी कुंदीप सिंह ने बताया कि खुदागंज गांव में योजना के कार्यों की जांच कराई जाएगी। जहां भी पाइपलाइन या अन्य कार्य अधूरा पाया जाएगा, उसे पूरा कराने के लिए संबंधित ठेकेदार और कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए जाएंगे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कर अधूरा कार्य जल्द पूरा कराने की मांग की है।

Scanned with OKEN Scanner